**Series SHC/1**

**Code No.** **69/1**
**कोड नं.**

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# HOME SCIENCE (Theory)
# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks: 70*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 70*

***General Instuctions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*
*(ii) Marks for each question are indicated against it.*
*(iii) Read each question carefully and answer to the point.*
*(iv) All parts of a question should be attempted together.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*
*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।*
*(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा समुचित उत्तर दें।*
*(iv) प्रश्न के सभी भाग इकट्ठे हल किए जाएँ।*

**1.** Define 'natural' and 'acquired' immunity. 1

'प्राकृतिक' व 'कृत्रिम' रोधक्षमता की परिभाषा लिखो।

**2.** List two beneficiaries of' Integrated Child Development Services' (ICDS) scheme. 1

'समन्वित बाल विकास सेवा' (ICDS) योजना से लाभ पाने वाले कोई दो वर्ग बताइये।

3. Name two important ingredients found in the composition of Oral Rehydration Solution (ORS) given by World Health Organisation. 1

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा उपलब्ध करवाए गए जीवन रक्षक घोल (ORS) में पाई जाने वाली दो मुख्य सामग्री बताइए।

4. Give any two essential qualities of a good child caregiver. 1

बच्चे की देख-भाल करने वाले व्यक्ति में होने वाले दो आवश्यक गुण बताइये।

5. How will you remove a tea stain from a white cotton shirt? 1

एक सफेद सूती कमीज़ पर से आप चाय का दाग कैसे हटाएंगे?

6. You buy sweets that are bright green in appearance from a neighbouring sweet shop. Name a problem that can arise due to consumption of these sweets and state why this happens? 1

आपने पड़ोस की मिठाई की दुकान से मिठाई खरीदी है जो कि दिखने में चमकदार हरी है। ऐसी मिठाई खाने से उत्पन्न होने वाली एक समस्या क्या हो सकती है तथा उसका कारण भी बताइए?

7. List two advantages of recording your daily household expenditure. 1

अपने घर पर होने वाले दैनिक खर्च का रिकार्ड रखने के दो लाभ बताइए।

8. Tell your friend about two points that she must keep in mind while purchasing an electric iron. 1

अपनी सहेली को एक बिजली की इस्त्री (electric iron) खरीदते समय ध्यान रखने योग्य दो जरूरी बातें बताइए।

9. Explain the role of relatives and neighbours in providing child care when the parents are out to work. 2

माता-पिता के काम पर चले जाने के पश्चात् बच्चों की देख-भाल करने में रिश्तेदारों और पड़ोसियों की भूमिका बताइये।

10. Name two adulterants commonly found in fats and oils. How would you detect the presence of these adulterants? 2

वसा व तेलों में सामान्यतः किन दो चीजों की मिलावट की जाती है? उन मिलावटी चीजों की जाँच आप किस प्रकार कर सकते हैं?

11. State four suggestions by which you can use various colours in clothing to disguise figure flaws. 2

परिधान में विभिन्न रंगों का प्रयोग कर शरीर की बनावट की त्रुटियों को किस प्रकार छिपाया जा सकता है, चार सुझाव दीजिए।

12. Give four advantages of using silk fabric for making clothes. 2

परिधान बनाने के लिए रेशमी कपड़े (silk) के उपयोग के चार लाभ बताइए।

**13.** Enumerate any four employment opportunities available to you on the basis of your knowledge in'child development'. 2

'बाल विकास' के ज्ञान के आधार पर प्राप्य कोई चार रोज़गार अवसर बताइए।

**14.** Give any four characteristics of a good detergent for washing clothes. 2

कपड़े धोने के लिये एक अच्छे डिटरजेन्ट के कोई भी चार गुण बताइए।

**15.** Give four characteristics of cognitive development of a two year old child. 2

एक दो वर्ष के बच्चे में हुए संज्ञानात्मक विकास के चार गुण बताइए।

**16.** The sweets that you bought from the market were weighed along with the box by the shopkeeper. What would be your two responsibilities as a consumer in this context and why ? 2

आपने बाजार से जो मिठाई खरीदी उसे दुकानदार ने डिब्बे के साथ ही तोल दिया है। इस संदर्भ में एक उपभोक्ता के रूप में आपके क्या दो कर्त्तव्य होंगे व क्यों?

**17.** List three important characteristics of safe drinking water and justify, giving three reasons, why filtration is a good method for making water safe for drinking ? 3

सुरक्षित पेयजल के तीन गुण बताइये तथा पेयजल को सुरक्षित बनाने के लिये उसे छानने (filtration) के तरीके का उपयोग करने के पक्ष में तीन तर्क प्रस्तुत कीजिये।

**18.** Enumerate any six characteristics social development in infants under one year of age. 3

बच्चों के जीवन के पहले वर्ष में होने वाले सामाजिक विकास (social development) के कोई छः लक्षण बताइए।

**19.** Present six advantages of saving money. 3

बचत करने के किन्हीं छः लाभों के बारे में बताइए।

**20.** List six points you will consider while buying a good readymade shirt. 3

एक अच्छी सिली-सिलाई कमीज़ खरीदते समय आप किन छः बातों का ध्यान रखेंगे?

**21.** What kind of modifications would be required in the normal meals to meet the requirements of a fever patient and why? 3

एक ज्वर से पीड़ित व्यक्ति के लिए सामान्य आहार में किस प्रकार के परिवर्तनों की आवश्यकता होती है और क्यों?

**22.** Radha wants to buy a bottle of pickle. Tell her about all the information she should look for on the label of the pickle bottle to ensure that she buys a good product. 3

राधा एक अचार की बोतल खरीदना चाहती है। उसे बताइए कि एक अच्छे अचार की बोतल खरीदने के लिए उसे बोतल के लेबल (label) पर क्या-क्या जानकारी देखनी चाहिए।

**23.** Arjun is a young child who is suffering from high fever, sore throat, and swelling in the neck region. He is also experiencing difficulty in breathing and swallowing. Identify the disease Arjun is suffering from and suggest four ways of managing his condition. 3

अर्जुन एक छोटा बच्चा है जो कि तेज़ बुखार, गले में दर्द व गर्दन के आस-पास सूजन से पीड़ित है। उसे सांस लेने व निगलने में भी कठिनाई हो रही है। अर्जुन जिस बीमारी से पीड़ित है उसे पहचानिए व उसकी देखभाल के चार तरीके भी सुझाइए।

**24.** Rajni's family very often suffers from food-borne infectious diseases. What advice would you give her regarding maintenance of hygiene while cooking and serving food to prevent such diseases? 3

रजनी के परिवारजनों को बहुत जल्दी-जल्दी खाद्य पदार्थों द्वारा संवाहित संक्रामक रोग (food-borne) हो जाते हैं। इन रोगों से बचने के लिए उसे भोजन पकाते व परोसते समय बरतने वाले स्वच्छता के नियमों के बारे में जानकारी दीजिए।

**25.** Amit wants to make investments that would also help him get some tax benefits. Suggest three such investments to him and also state one other benefit from each case. 3

अमित अपनी पूँजी उस तरह निवेश करना चाहता है जिससे कि उसे आयकर में छूट भी मिल सके। उसे इसके लिए तीन उचित तरीकों का सुझाव दीजिए व प्रत्येक सुझाव से होने वाला एक-एक अन्य लाभ भी बताइये।

**26.** Rama wants to store away her cotton clothes till summer is back. Give any six precautions she should observe while doing this. 3

रमा अपने सूती वस्त्रों को गर्मी आने तक के लिए संगृहीत करके रखना चाहती है। ऐसा करते समय उसे कौन सी छः सावधानियां बरतनी चाहिए।

**27.** Explain, giving reasons, any four points that should be considered while planning meals for an adolescent girl. 4

एक किशोरी के लिए आहार आयोजन करते समय ध्यान रखने योग्य कोई चार बातें कारणों सहित समझाइए।

**28.** Describe the various components of family income with suitable examples. 4

पारिवारिक आय के विभिन्न वर्गों का उल्लेख उचित उदाहरण देकर कीजिये।

**29.** What four tips would you give to the mother of an 3-year old girl in selecting clothes for her daughter? State reasons for giving those tips. 4

एक 3-वर्षीय लड़की की माताजी को अपनी बेटी के लिए परिधानों का चुनाव करने के लिए आप जो चार सुझाव देंगी, उन्हें कारण सहित प्रस्तुत कीजिए।

**30.** Explain the four special arrangements that would have to be made in a school for teaching children with partial hearing impairment along with normal children. Support your answer with adequate reasons. 4

एक विद्यालय में अपूर्ण बधिर बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने के लिए कौन सी चार विशेष सुविधाओं की आवश्यकता होगी, कारण देकर समझाइये।